Australian Government
Department of Social Services

Hindi | हिंदी

# राष्ट्रीय विकलाँगता बीमा योजना (नेशनल डिसेबिल्टी इंश्योरेंस स्कीम) के अनुभव में सुधार: प्रतिभागी सेवा गारंटी की स्थापना और अत्यधिक विधायी प्रक्रियाओं का निराकरण

## इस दस्तावेज़ के बारे में

यह दस्तावेज़ नई NDIS Participant Service Guarantee (एनडीआईएस प्रतिभागी सेवा गारंटी) के बारे में ऑस्ट्रेलियाई सरकार के परामर्श के चर्चा-पत्र का एक साराँश है।

यह दस्तावेज़ अंग्रेज़ी के अलावा अन्य भाषाओं का उपयोग करने वाले लोगों को अपनी राय व्यक्त करने में सहायता देने के लिए बनाया गया है।

इसमें प्रमुख विचारों के बारे में समझाया गया है जिनके बारे में हम बात करना चाहते हैं और उनके बारे में सोचने के लिए प्रश्न शामिल हैं। इसमें यह भी समझाया गया है कि आप परामर्श में कैसे भाग ले सकते/सकती हैं।

संपूर्ण चर्चा-पत्र, और पढ़ने में आसान सँस्करण वेबसाइट **www.engage.dss.gov.au** पर उपलब्ध हैं।

## एनडीआईएस में सुधार

राष्ट्रीय विकलाँगता बीमा योजना  (एनडीआईएस) पूरे ऑस्ट्रेलिया-भर में विकलाँगता-ग्रस्त लोगों को सहायता देने का एक तरीका है।

इस योजना का प्रबंधन राष्ट्रीय विकलाँगता बीमा एजेंसी (नेशनल डिसेबिल्टी इंश्योरेंश्योरेंस एजेंसी - एनडीआईए) द्वारा किया जाता है।

ऑस्ट्रेलियाई सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि एनडीआईएस का उपयोग करने वाले लोगों को एक अच्छा अनुभव मिले।

वे प्रतीक्षा समय कम करने और एनडीआईएस का उपयोग करने वाले लोगों के अनुभव में सुधार करने के लिए प्रतिभागी सेवा गारंटी (गारंटी) बनाने जा रहे हैं।

गारंटी में नए नियमों का एक समूह शामिल होगा, जिसे 1 जुलाई 2020 तक लागू कर दिया जाएगा।

गारंटी में क्या होना चाहिए, इसका चयन करने के लिए हमें एनडीआईएस कानून देखने की आवश्यकता है।

इसमें *National Disability Insurance Scheme Act 2013 (राष्ट्रीय विकलाँगता बीमा योजना अधिनियम 2013) और National Disability Insurance Scheme Rules (राष्ट्रीय विकलाँगता बीमा योजना नियम) शामिल हैं।*

इन कानूनों और नियमों की समीक्षा के लिए एक स्वतंत्र विशेषज्ञ, श्री डेविड ट्यून एओ पीएसएम को नियुक्त किया गया है।

वे इन बातों पर विचार करेंगे कि आपके विचार से गारंटी में क्या शामिल होना चाहिए, और वे 2019 के अंत तक सरकार को सँस्तुतियां देंगे।

## हमें गारंटी की आवश्यकता क्यों है?

अगले 5 वर्षों में 5,00,000 से भी अधिक लोग एनडीआईएस का उपयोग करेंगे।

इस समय एनडीआईएस अनेकों विकलाँगता-ग्रस्त लोगों को अपने लिए आवश्यक सेवाएँ प्राप्त करने में की सहायता दे रही है।

लेकिन कुछ लोगों को अपने लिए आवश्यक सुविधाएँ प्राप्त नहीं हो रही हैं।

और कुछ लोग निराश हैं।

समुदाय के लोगों ने हमें बताया है कि वे बेहतर सेवा चाहते हैं।

जिन लोगों ने हमें यह बताया है, उनमें शामिल हैं:

- विकलाँगता-ग्रस्त लोग
- परिजन और देखभाल-प्रदाता
- अधिवक्ता - विकलाँगता-ग्रस्त लोगों की ओर से आवाज़ उठाने वाले लोग
- विकलाँगता सेवा प्रदाता।

कुछ समस्याओं निम्नलिखित हैं:

- एनडीआईएस योजना प्राप्त करने में अधिक समय लग सकता है।
- कुछ लोगों को योजना प्रक्रिया का उपयोग करने और समझने में कठिनाई होती है।
- यदि आपको योजना पसंद नहीं हैं, तो इसे देखने और इसमें परिवर्तन करने के लिए किसी व्यक्ति की खोज करना कठिन हो सकता है।

लोगों को जिन अन्य समस्याओं का अनुभव हुआ है, उनमें शामिल हैं:

- बच्चों के लिए सेवाएँ प्राप्त करना
- दैनिक जीवन में अपनी सहायता के लिए अच्छे एड्स या तकनीकें प्राप्त करना - इनमें व्हीलचेयर, स्क्रीन रीडर या ऐप्प जैसी कोई भी वस्तु या सेवा शामिल हो सकती है
- घर में संशोधन करना ताकि विकलाँगता-ग्रस्त व्यक्ति के लिए वहाँ रहना और अधिक आसान बन पाए
- रहने के लिए अच्छा स्थान मिलना
- कीमत के लिए बोली या विशेष अनुमोदन की आवश्यकता वाली अन्य सेवाएँ प्राप्त करना।

## गारंटी में क्या शामिल होगा?

गारंटी एनडीआईएस के कार्य करने के तरीके के लिए नए नियम बनाएगी।

उदाहरण के लिए, इसमें यह बताया जा सकता है कि एनडीआईएस योजना प्राप्त करने और इसका उपयोग आरंभ करने के लिए कितना समय लगना चाहिए।

गारंटी को कानून में परिवर्तित कर दिया जाएगा।

इसका अर्थ है कि एनडीआईए को इसमें शामिल नियमों का पालन करना होगा।

गारंटी 1 जुलाई 2020 से आरंभ होगी।

## हम आपके विचार जानना चाहते हैं

आप हमें बता सकते/सकती हैं कि आपके विचार से गारंटी में क्या शामिल होना चाहिए।

हम जानना चाहते हैं कि क्या आपको एनडीआईएस के साथ कोई समस्याएँ हुई हैं।

इससे हमें उन समस्याओं का पता चल पाएगा जिन्हें ठीक करने की आवश्यकता है।

हमें अपने विचार बताने के लिए आपके पास कई तरीके उपलब्ध हैं।

आप:

- हमारे सर्वेक्षण में भाग ले सकते/सकती हैं
- हमें पत्र लिख सकते/सकती हैं
- एक कार्यशाला में भाग ले सकते/सकती हैं।

भाग लेने के बारे में सभी जानकारी वेबसाइट **www.engage.dss.gov.au** पर उपलब्ध है।

आपको शीर्षक 'NDIS Act Review and Participant Service Guarantee' ('एनडीआईएस अधिनियम समीक्षा और प्रतिभागी सेवा गारंटी') के तहत जानकारी मिलेगी।

## सर्वेक्षण में क्या शामिल होगा?

यदि आप ऑनलाइन सर्वेक्षण में भाग लेते/लेती हैं, तो हम आपसे कुछ प्रश्न पूछेंगे।

यदि आप एक एनडीआईएस प्रतिभागी हैं, तो हम आपसे निम्नलिखित प्रश्न पूछेंगे:

- आपको योजना प्राप्त करने में कितना समय लगा
- क्या अपनी योजना में परिवर्तन करने के लिए आपने निवेदन किया था और इन परिवर्तनों में कितना समय लगा
- अपनी योजना के बारे में लिए गए निर्णयों के बारे में आपको कैसा प्रतीत हुआ
- क्या आपको पर्याप्त जानकारी उपलब्ध कराई गई
- आपको निर्णयों के बारे में कैसे सूचित किया गया।

यह सर्वेक्षण अंग्रेज़ी के अतिरिक्त अन्य भाषाओं में भी उपलब्ध होगा।

आप सितंबर के मध्य से एँगेज (Engage) वेबसाइट पर यह सर्वेक्षण पूरा कर सकते/सकती हैं। यदि आप एनडीआईएस को अपने अनुभव की कहानी बताना चाहते/चाहती हैं, तो सर्वेक्षण को पूरा करने से हमें और अधिक विस्तार से इसे समझने में सहायता मिलेगी।

## अंतिम तिथि

आपको 31 अक्तूबर 2019 से पहले सर्वेक्षण पूरा करना होगा, हमें पत्र लिखना होगा, या एक कार्यशाला में आना होगा।

## इसमें कौन भाग ले सकता है?

आप इसमें भाग ले सकते/सकती हैं यदि:

- आप एक एनडीआईएस प्रतिभागी हैं
- आपने एनडीआईएस के लिए आवेदन किया था, लेकिन आपको इसमें प्रवेश नहीं मिला
- आप भविष्य में एनडीआईएस का उपयोग करना चाहते/चाहती हैं।

यदि आप निम्नलिखित में किसी भूमिका में कार्य करते/करती है, तो भी आप इसमें भाग ले सकते/सकती हैं:

- परिवार के/की सदस्य या देखभाल-प्रदाता
- अधिवक्ता
- सेवा-प्रदाता
- विकलाँगता-सेवाओं में कार्यरत अन्य व्यक्ति।

आपको भाग लेने के लिए कोई व्यक्तिगत जानकारी साझा करने की आवश्यकता नहीं है।

## आपके विचार से गारंटी में क्या शामिल होना चाहिए?

गारंटी में आपके लिए कुछ सेवाओं के लिए प्रतीक्षा करने की अनुमानित समय-सीमाएँ शामिल होंगी।

इसमें निम्नलिखित के बारे में समय-सीमाएँ शामिल हो सकती हैं:

- इस बात का पता करना कि क्या आप एनडीआईएस का उपयोग कर सकते/सकती हैं
- एक योजना प्राप्त करना
- लिए गए किसी निर्णय की समीक्षा करना।

हम जानना चाहते हैं कि:

- आपके विचार से ये समय-सीमाएँ कितनी लंबी होनी चाहिए
- एनडीआईए को अपने निर्णय कैसे लेने चाहिए
- गारंटी में और क्या विषय शामिल किए जाने चाहिए।

गारंटी में शामिल किए जाने वाले विषयों के बारे में सोचने में सहायता के लिए आगे के पृष्ठों में कुछ विचार और प्रश्न दिए गए हैं।

आप इनके बारे में अपने परिवार, मित्रो, देखभालकर्ताओं और अपने समुदाय के सदस्यों के साथ चर्चा कर सकते/सकती हैं।

हम इन प्रश्नों के बारे में आपके उत्तर और आपके विचार से गारंटी में शामिल किए जाने योग्य अन्य बातों के बारे में सुनना चाहते हैं।

इन विचारों और प्रश्नों में निम्नलिखित बातें शामिल हैं:

- अच्छी एनडीआईए सेवाएँ कैसी होनी चाहिए
- एनडीआईएस के साथ आपके अनुभवों के बारे में विशिष्ट प्रश्न।

जब आपके पास कुछ उत्तर हों जिन्हें आप साझा करना चाहते/चाहती हैं, तो आप इन्हें ईमेल के माध्यम से या पत्र लिखकर हमें भेज सकते/सकती हैं।

**ईमेल: NDISConsultations@dss.gov.au**

**पता:**

NDIS Consultations

Department of Social Services

GPO Box 9820

Canberra ACT 2601

## हमारे विचार से अच्छी एनडीआईए सेवा कैसी होनी चाहिए

गारंटी में शामिल किए जाने योग्य कुछ विचारों को नीचे सूचीबद्ध किया गया है।

हम जानना चाहते हैं कि क्या आपके विचार से एनडीआईए के लिए इनपर कार्य करना महत्वपूर्ण है, और क्या ऐसी कोई अन्य महत्वपूर्ण बातें हैं जिन्हें हमें गारंटी में शामिल कराना चाहिए।

***समयोचित***

एनडीआईएस की प्रक्रिया समझने और उपयोग करने में आसान है।

इसका अर्थ है कि एनडीआईए जल्दी निर्णय ले सकती है, जब वह:

- पता लगा सके कि एनडीआईएस का उपयोग कौन कर सकता है
- योजनाएँ बना सके
- समीक्षाएँ कर सके।

***संलग्न***

एनडीआईए निम्नलिखित लोगों के साथ बात करके अपने कार्य करने के तरीके की योजना बना सकती है:

- विकलाँगता-ग्रस्त लोग
- परिवार
- देखभालकर्ता और समर्थन प्रदान करने वाले लोग।

***विशेषज्ञ***

एनडीआईए के कर्मी अच्छी तरह से प्रशिक्षित होते हैं।

वे यह समझते हैं कि अलग-अलग विकलाँगताएँ लोगों के जीवन को कैसे प्रभावित करती हैं।

वे यह भी समझते हैं कि प्रत्येक व्यक्ति की विकलाँगता के लिए कौन से समर्थन सबसे अच्छे होते है।

***संबद्ध***

एनडीआईए निम्नलिखित के साथ कार्य करती है:

- सरकारें
- स्वास्थ्य, शिक्षा और न्यायिक सेवाएँ
- विकलाँगता समूह
- प्रदाता।

ये सेवाएँ साथ मिलकर अच्छी तरह से काम करती हैं।

***महत्वपूर्ण***

एनडीआईएस के साथ व्यवहार करते समय लोगों को स्वयं को मूल्य और महत्वता दिए जाने का आभास होता है।

उन्हें यह पता होता है कि आवश्यकता पड़ने पर और अधिक सहायता कहाँ से प्राप्त की जा सकती है।

***योग्यता के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं***

एनडीआईए एक स्पष्ट और खुले तरीके से कार्य करती है।

लोग समझ सकते हैं कि एनडीआईए ने अपने निर्णय क्यों लिए हैं।

***सुलभ***

सभी विकलाँगता-ग्रस्त लोग एनडीआईएस को समझ सकते हैं और इसका उपयोग कर सकते हैं।

एनडीआईएस यह सुनिश्चित करती है कि इसकी सेवाएँ सभी लोगों को आराम और सुरक्षा का अनुभव दें।

इसमें निम्नलिखित लोग शामिल हैं:

- आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी
- विभिन्न सँस्कृतियों और पृष्ठभूमियों से आने वाले लोग
- एलजीबीटीक्यूआईए+ लोग।

**विचार करने योग्य कुछ प्रश्न**

यहाँ कुछ प्रश्न दिए गए हैं जिनके बारे में विचार करके आपको हमें पत्र लिखने, हमारे साथ बात करने, या सर्वेक्षण पूरा करने में सहायता मिल सकती है।

1. क्या आप एनडीआईए द्वारा कार्य किए जाने के तरीके से संबंधित विचारों से सहमत हैं?

    - समयोचित
    - संलग्न
    - विशेषज्ञ
    - संबद्ध
    - महत्वपूर्ण
    - योग्यता के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं
    - सुलभ।

2. क्या आपके विचार से एनडीआईए ऐसे कोई अन्य कार्य कर सकती है जिन्हें हम गारंटी में शामिल कर सकते हैं?

3. हम इस बात की जाँच कैसे कर सकते हैं कि एनडीआईए ने ये कार्य अच्छी तरह से किए हैं?

## एनडीआईएस के साथ आपका अनुभव

हम जानना चाहते/चाहती हैं कि एनडीआईएस का उपयोग करने का आपका अनुभव कैसा रहा है।

हम जानना चाहते हैं कि प्रक्रिया का प्रत्येक चरण आपके लिए कैसा रहा है।

इसमें निम्नलिखित बातें शामिल हैं:

- आपने कब आवेदन किया था
- आपको इस बारे में कब पता चला कि आप एनडीआईएस का उपयोग कर सकते/सकती हैं या नहीं
- अपनी एनडीआईएस योजना बनाना
- अपनी योजना का उपयोग करना
- आपके लिए की गई कोई भी समीक्षाएँ।

हम यह भी जानना चाहते हैं कि क्या आपने एनडीआईए के किसी भी निर्णय की समीक्षा किए जाने के लिए निवेदन किया है।

यदि आप उनके द्वारा लिए गए किसी निर्णय से सहमति नहीं रखते थे/ रखती थीं, तो आपने संभवतः ऐसा किया होगा।

### विचार करने योग्य कुछ प्रश्न

यहाँ ऐसे कुछ और अधिक प्रश्न दिए गए हैं जिनके बारे में विचार करके आपको हमें पत्र लिखने, हमारे साथ बात करने, या सर्वेक्षण पूरा करने में सहायता मिल सकती है।

***आरंभ करना - एनडीआईएस के लिए आवेदन करना***

4. क्या आपको एनडीआईएस के लिए आवेदन करने में कठिनाई महसूस हुई?
5. हम आपके लिए इसे और अधिक आसान कैसे बना सकते हैं?
6. एनडीआईएस के लिए आवेदन करते समय क्या एनडीआईए ने आपको पर्याप्त जानकारी उपलब्ध कराई?
7. यह पता करने में कितना समय लगा कि क्या आप एनडीआईएस का उपयोग कर सकते/सकती हैं या नहीं?
8. आपके विचार से इसमें कितना समय लगना चाहिए?

*अपनी योजना बनाना*

9. क्या अपनी एनडीआईएस योजना बनाने में आपको कठिनाई महसूस हुई?

10. हम आपके लिए इसे और अधिक आसान कैसे बना सकते/सकती हैं?

11. क्या एनडीआईए ने आपको अपनी योजना बनाते समय पर्याप्त जानकारी उपलब्ध कराई?

12. अपनी योजना बनाने में आपको कितना समय लगा?

13. आपके विचार से इसमें कितना समय लगना चाहिए?

14. यदि आप कुछ समय से एनडीआईएस का उपयोग करते आ रहे/रही हैं, तो पहली बार योजना बनाने की तुलना में क्या आपको अब योजना बनाना आसान लगता है?

*अपनी योजना का उपयोग और इसकी समीक्षा करना*

15. क्या आपको अपनी योजना में उपलब्ध समर्थनों का उपयोग करने में कठिनाई हुई है?

16. हम आपके लिए इसे और अधिक आसान कैसे बना सकते/सकती हैं?

17. क्या एनडीआईए ने आपको अपनी योजना का उपयोग करने के बारे में पर्याप्त जानकारी उपलब्ध कराई?

18. आपकी योजना की समीक्षा किए जाते समय क्या आपको कोई समस्याएँ हुई?

19. आपकी योजना की समीक्षा में कितना समय लगा?

20. आपके विचार से इसमें कितना समय लगना चाहिए?

*एनडीआईए के निर्णयों की समीक्षा*

21. क्या आपने एनडीआईए के किसी निर्णय की समीक्षा किए जाने के लिए निवेदन किया है? यदि आप उनके द्वारा लिए गए निर्णय से खुश नहीं हैं तो सभवत: आपने ऐसा किया होगा।

22. यदि आपने यह निवेदन किया था, तो क्या आपको कोई समस्याएँ हुई?

23. हम आपके लिए इसे और अधिक आसान कैसे बना सकते/सकती हैं?

24. समीक्षा में कितना समय लगा?

25. आपके विचार से इसमें कितना समय लगना चाहिए?

## एनडीआईएस के बारे में कानून में परिवर्तन

हम जानना चाहते/चाहती हैं कि आपके विचार से हमें एनडीआईएस के बारे में कानून में क्या परिवर्तन करने चाहिए।

कानून में परिवर्तन करने से एनडीआईएस का उपयोग और अधिक आसानी और तेजी से किया जा सकता है।

एनडीआईएस के बारे में कानून और नियम साथ मिलकर कार्य करते हैं।

ऐसे 33 नियम हैं।

इन नियमों में निम्नलिखित विषय शामिल हैं:

- प्रतिभागी कैसे बनें
- एनडीआईए बच्चों के साथ कैसे व्यवहार करता है
- प्रतिभागी अपनी योजना का उपयोग कैसे कर सकते हैं और अपने लिए नियत धनराशि को कैसे खर्च कर सकते हैं।

### विचार करने योग्य कुछ प्रश्न

यहाँ ऐसे कुछ और अधिक प्रश्न दिए गए हैं जिनके बारे में विचार करके आपको हमें पत्र लिखने, हमारे साथ बात करने, या सर्वेक्षण पूरा करने में सहायता मिल सकती है।

26. आपके विचार से हमें कानून और नियमों में क्या परिवर्तन करने चाहिए?

27. क्या आपको लगता है कि कानून और नियमों में ऐसे कुछ अंश हैं, जो:

    - काम नहीं कर रहे हैं?
    - लोगों के लिए कठिनाई पैदा करते हैं?

28. क्या ऐसी कोई बातें है जिन्हें हम कानून में जोड़ सकें ताकि लोगों के लिए एनडीआईएस का उपयोग करना और अधिक आसान बन पाए?

29. क्या हमें इस बात को और अधिक स्पष्ट करना चाहिए कि प्रतिभागी को किस प्रकार की विकलाँगता सहायता सेवाएँ प्राप्त हो सकती हैं?

## अपनी योजना में परिवर्तन करना

प्रतिभागियों और एनडीआईए ने हमें बताया है कि एनडीआईएस योजना में परिवर्तन करना कठिन हो सकता है।

उदाहरण के लिए:

- यदि आप अपनी योजना के प्रबंधक में कोई परिवर्तन करते/करती हैं, तो आपको एक पूरी नई योजना बनानी होगी
- यदि आप अपनी योजना में किसी नए प्रकार का समर्थन जोड़ते/जोड़ती हैं, तो आपको एक पूरी नई योजना भी बनानी होगी।

हम एनडीआईएस के कानून में परिवर्तन कर सकते हैं ताकि आप अपनी योजना में छोटे-मोटे परिवर्तन और अधिक आसानी से स्वयं कर सकें।

इसे योजना में संशोधन करना कहा जाएगा।

### विचार करने योग्य कुछ प्रश्न

यहाँ ऐसे कुछ और अधिक प्रश्न दिए गए हैं जिनके बारे में विचार करके आपको हमें पत्र लिखने, हमारे साथ बात करने, या सर्वेक्षण पूरा करने में सहायता मिल सकती है।

30. क्या आप ऐसा कोई तरीका पसंद करेंगे जिससे आप और अधिक तेजी व आसानी के साथ अपनी योजना में आवश्यकतानुसार छोटे-मोटे परिवर्तन स्वयं कर सकें? इसे योजना में संशोधन करना कहा जाएगा।
31. आपके विचार से अपनी योजना में परिवर्तन करने में आपको कितना समय लगना चाहिए?
32. आपके पास हमें परिवर्तनों की आवश्यकता का प्रमाण देने के लिए कितना समय होना चाहिए?
33. क्या ऐसे कोई अन्य तरीके हैं जिनसे हम आपकी योजना में परिवर्तन करना और अधिक आसान बना सकें?

## धन्यवाद

हम यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि लोग गारंटी में क्या शामिल किया जाना चाहते हैं।

हम आशा करते हैं कि आप इसमें भाग ले सकेंगे/सकेंगी।

## हमसे संपर्क करें

**ईमेल: NDISConsultations@dss.gov.au**

**पता:**

NDIS Consultations

Department of Social Services

GPO Box 9820

Canberra ACT 2601

**वेबसाइट: www.engage.dss.gov.au**

आपको शीर्षक 'NDIS Act Review and Participant Service Guarantee' ('एनडीआईएस अधिनियम समीक्षा और प्रतिभागी सेवा गारंटी') के तहत जानकारी मिलेगी।